भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. - 124***

10 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुर्स्वास्थ्य योजना**

*124. श्री पी.पी. चौधरी:
श्री अनुराग शर्मा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुर्स्वास्थ्य योजना का राजस्थान और उत्तर प्रदेश में विस्तार किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने 2021-22 और 2022-23 के दौरान राजस्थान में पाली और उत्तर प्रदेश में झांसी, प्रतापगढ़, गोंडा और बहराइच जिलों में कोई नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाए हैं और कोई मोबाइल क्लीनिक स्थापित किये हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) 2021-22 और 2022-23 के दौरान राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लिए उक्त योजना के तहत कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा दवाओं और आयुष जागरूकता पहलों पर खर्च किए गए आवंटित अनुदान का प्रतिशत क्या है; और

(ङ) क्या इस योजना के तहत राजस्थान और उत्तर प्रदेश के उक्त जिलों में वर्तमान में लाभ प्राप्त कर रहे जनजातीय समुदायों के बारे में सरकार के पास आंकड़े हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**लोक सभा में 10 फरवरी, 2023 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 124* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय वित्तीय वर्ष 2021-22 से राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों सहित देशभर में आयुर्स्वास्थ्य योजना नामक केंद्रीय क्षेत्र योजना कार्यान्वित कर रहा है जिसके दो घटक हैं (i) आयुष और जन-स्वास्थ्य (पीएचआई) और (ii) उत्कृष्टता केंद्र (सीओई)। इस स्कीम के अंतर्गत, पात्र संगठनों/संस्थानों को उनसे प्राप्त प्रस्तावों की योग्यता के आधार पर और योजना दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार सीधे वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को निधियां आबंटित नहीं की जाती हैं।

राजस्थान राज्य में आवेदक संस्थानों को योजना के पीएचआई घटक के अंतर्गत कुल तीन परियोजनाओं के लिए सहायता दी गई है जिनमें चाकसू ब्लॉक में एक परियोजना और जयपुर जिले के जामवा रामगढ़ ब्लॉक में दो परियोजनाएं हैं। स्कीम के पीएचआई घटक के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के लिए किसी भी परियोजना को सहायता नहीं दी गई है। योजना के उत्कृष्टता केंद्र घटक के अंतर्गत, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य में आवेदक संस्थानों को एक-एक परियोजना के लिए सहायता दी गई है। इन परियोजनाओं का ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग): आयुर्स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य/आयुष निदेशालयों, जन-स्वास्थ्य से जुड़े सरकारी संस्थानों, जन-स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अलाभकारी/स्वैच्छिक संगठनों, सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं/उपक्रमों/विश्वविद्यालयों/अनुसंधान परिषदों, स्वायत्त संगठनों के माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर और मोबाइल क्लीनिक आयोजित किए जा रहे हैं। तथापि, आयुर्स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राजस्थान के पाली जिला तथा उत्तर प्रदेश के झांसी, प्रतापगढ़, गोंडा और बहराइच जिलों में परियोजनाएं संचालित करने के लिए किसी संगठन/संस्थान से अभी तक कोई परियोजना प्राप्त नहीं हुई है।

(घ): आयुर्स्वास्थ्य योजना एक केन्द्रीय क्षेत्र योजना है, इस योजना के अंतर्गत पात्र संगठनों/संस्थानों को उनसे प्राप्त प्रस्तावों की योग्यता के आधार पर और योजना दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार सीधे वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। आयुर्स्वास्थ्य योजना सहित केन्द्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को विशिष्ट राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियां स्वीकृत/आबंटित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ङ): आयुर्स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राजस्थान और उत्तर प्रदेश के उक्त जिलों के लिए अभी तक कोई परियोजना प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), जो इस मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय है, जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम (टीएचसीआरपी) नामक आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रही है और जनजातियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रही है। वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान, सीसीआरएएस द्वारा राजस्थान के 21 ब्लॉकों में 7309 लाभार्थियों को स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की गई हैं। विवरण **संलग्नक-II** में दिया गया है।

*****

**संलग्नक -I**

**वित्तीय वर्ष 2021-22 से आज तक राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य में आयुर्स्वास्थ्य योजना के तहत सहायता प्राप्त परियोजनाओं का विवरण**

**क. आयुर्स्वास्थ्य योजना के आयुष और जन-स्वास्थ्य घटक के तहत**

| क्र. सं. | संगठन का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना का नाम | परियोजना की अनुमोदित लागत (रुपए लाख में) | जारी की गई धन राशि (रुपए लाख में) | जारी करने की तारीख और किस्त |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर | राजस्थान (जयपुर जिले का चाकसू ब्लॉक) | जयपुर जिले के चाकसू ब्लॉक में योग और जीवन शैली में बदलाव के साथ आयुर्वेदिक दवाओं से 25-70 वर्ष की आयु वर्ग के पुरुष और महिला रोगियों में प्री-डायबिटीज और टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस का प्रबंधन | 149.43 | 43.42 | 01.10.2021, 24.01.2023 (दूसरी किस्त) |
| 2 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर | राजस्थान (जयपुर जिले का जामवा रामगढ़ ब्लॉक) | जयपुर जिले के जामवा रामगढ़ ब्लॉक के बच्चों में कुपोषण को कम करने और उसके निवारण के लिए आयुर्वेद उपचार | 141.11 | 56 .44 | 01.10.2021 और 20.01.2023 (पहली किस्त) |
| 3 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर | राजस्थान (जयपुर जिले की जामवा रामगढ़ तहसील) | जयपुर जिले के जामवा रामगढ़ ब्लॉक में आयुर्वेदिक दवाओं, योग, परामर्श और जीवन शैली में बदलाव से अति-मद्यपता (मद्यपान संबंधी विकार) का प्रबंधन | 148.80 | 59.52 | 01.10.2021 और 25.01.2023 (पहली किस्त) |

**ख. आयुर्स्वास्थ्य योजना के उत्कृष्टता केंद्र घटक के तहत**

| क्र. सं. | संगठन का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना का नाम | परियोजना की अनुमोदित लागत (रुपए लाख में) | किस्तों में जारी की गई धन राशि (रुपए लाख में) | किस्त जारी करने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर | राजस्थान | इंटेग्रेटिव प्रिसिजन हैल्थ एंड मेडिसिन के लिए आयुर्टेक उत्कृष्टता केंद्र | 1000 | 400 | 25.02.2022 (पहली किस्त) |
| 2 | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी | उत्तर प्रदेश | क्षारसूत्र उपचार के लिए राष्ट्रीय संसाधन केंद्र की स्थापना, शल्य तंत्र विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान/ क्षारसूत्र पर शिक्षण, अनुसंधान, प्रशिक्षण और रेफरल रोगियों की देखभाल के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र। | 500 | 142.44 | 25.03.2022 (तीसरी किस्त) |

**संलग्नक-II**

**2021-22 और 2022-23 के दौरान जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम के तहत सीसीआरएएस द्वारा राजस्थान में प्रदान की गई स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और मुफ्त चिकित्सा शिविरों का विवरण**

| **राज्य** | **वर्ष** | **जिले का नाम** | **सम्मिलित ब्लॉक** | **सर्वेक्षित जनसंख्या** | **स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 2021-22 | प्रतापगढ़ | रतनपुरिया<br>पिपलियाबाद<br>सोदलपुर<br>मोटा महेंजा<br>मोटा धामनिया<br>मोती खेरी<br>सिमालिया<br>देतीयार<br>घंटाली<br>राम पुरिया | 5910 | 3101 |
| | 2022-23 | बांसवाड़ा | घटोल<br>पादल चोटी<br>देवड़ा<br>सेनावास<br>बामन पारा<br>चर्दा<br>बड़ामा<br>बस्सी अडा<br>बोरदा<br>दिलवाड़ा<br>लोकिया | 5522 | 4208 |
| **कुल** | | | | **11432** | **7309** |